प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 24.03.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. मंत्रिमंडल समन्वय और निर्वाचन विभाग ने आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर बनाई स्क्रीनिंग कमिटी, निर्वाचन आयोग को कमिटी के माध्यम से भेजे जाएंगे विभागों के प्रस्ताव और संचिकाएं।
2. लातेहार के मनिका में एक वाहन से मिले तीन लाख रुपए, रामगढ़ के बरलंगा अंतरराज्यीय चेकनाका पर भी एक कार से दो लाख रुपए बरामद, पुलिस कर रही जांच।
3. एनसीईआरटी नए शैक्षणिक सत्र से कक्षा तीन से छह तक का जारी करेगा नया पाठ्यक्रम, शिक्षकों के लिए होगा क्षमता निर्माण कार्यक्रम, सीबीएसई स्कूलों को भेजा गया पत्र।
4. राज्यभर में आज मनाया जाएगा होलिका दहन, होली में शांति और विधि व्यवस्था के लिए 8 हजार से अधिक अतिरिक्त बल तैनात, संवेदनशील इलाकों में विशेष चौकसी बरतने के निर्देश।
5. राज्य की 4 खिलाड़ियों को ईस्ट जोन सीनियर महिला क्रिकेट टीम में मिली जगह, 28 मार्च से पुणे में होनेवाले इंटर जोनल सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में लेंगी भाग।

*********************

राज्य में लोकसभा चुनाव को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर विभागीय संचिकाएं सीधे निर्वाचन आयोग को नहीं भेजे जाएंगे। मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग ने इस बाबत मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक स्क्रीनिंग कमिटि बनाई है। इसके तहत विभागों की संचिकाएं और प्रस्ताव स्क्रीनिंग कमिटी की मंजूरी के बाद निर्वाचन आयोग को भेजे जाएंगे। इस कमिटी में जिस विभाग का प्रस्ताव होगा, उसके सचिव और मंत्रिमंडल सचिवालय तथा निर्वाचन विभाग के सचिव सदस्य होंगे। वहीं, निर्वाचन आयोग को भेजे जाने वाले प्रस्तावों और संचिकाओं का फॉर्मेट भी जारी कर दिया गया है।

*********************

लातेहार जिला के मनिका थाना क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के नेतृत्व में चलाए जा रहे वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बीती रात एक वाहन से लगभग तीन लाख रुपए नकद बरामद किए गए। वाहन से रुपए की बरामदगी मामले की पुलिस द्वारा छानबीन की जा रही है। वहीं, रामगढ़ जिला के पुलिस अधीक्षक द्वारा बरलंगा थाना क्षेत्र स्थित डाकागढ़ा अंतरराज्यीय चेकनाका के निरीक्षण के दौरान एक वाहन से एक लाख पंचान्बे हजार रुपए पुलिस ने जब्त किए. उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ ही दूसरे राज्यों से सटे जिले की सभी सीमाओं को सील कर लगातार निगरानी की जा रही है।

*********************

राज्य में निर्वाचन कार्य में संलग्न सरकारी पदाधिकारियों और कर्मचारियों को वेतन के अलावा प्रतिदिन अतिरिक्त कार्य के लिए पारिश्रमिक मिलेगा। मंत्रिमंडल समन्वय और निर्वाचन विभाग ने इस बाबत संकल्प जारी कर दिया है। इसके तहत बारह घंटे से अधिक कार्य अवधि होने पर राजपत्रित पदाधिकारियों को आठ सौ पचास रुपए, तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों को छह सौ रुपए और चतुर्थ श्रेणी के कर्मियों को चार सौ पचास रुपए प्रतिदिन पारिश्रमिक दिए जाएंगे।

*********************

पाकुड़ जिला प्रशासन द्वारा अस्सी प्रतिशत मतदान लक्ष्य को हासिल करने के लिए मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

*********************

लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों को मंजूरी देने के लिए भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक कल नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में हुई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह सहित समिति के सदस्य शामिल हुए। वहीं कांग्रेस ने पैंतालीस उम्मीदवारों की एक और सूची जारी कर दी है। इसमें वाराणसी सीट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अजय राय को कांग्रेस ने मैदान में उतारा है।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*********************

एनसीईआरटी एक अप्रैल से शुरु होने वाले नए शैक्षणिक सत्र के लिए कक्षा तीन से छह तक का नया पाठ्यक्रम और पुस्तकें जारी करेगा, वहीं अन्य कक्षाओं के पाठ्यक्रम में किसी तरह का बदलाव नहीं किया जाएगा। एनसीईआरटी द्वारा इसे लेकर सभी सीबीएसई विद्यालयों को पत्र भेजा जा चुका है। इसके अलावा कक्षा छह के लिए ब्रिज कोर्स तथा कक्षा तीन के लिए संक्षिप्त दिशा निर्देश भी तैयार किया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों को नए पाठ्यक्रमों को लेकर सहूलियत हो सके। वहीं, शिक्षकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम का भी आयोजन होगा।

*********************

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, जेएसएससी ने राज्य सरकार द्वारा तृतीय संशोधित नियमावली को मंजूरी दिए जाने के बाद सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023 के ऑनलाइन आवेदन के लिए फिर से लिंक जारी कर दिया है। नए आवेदक छह अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता परीक्षा के जरिए लगभग छब्बीस हजार सहायक आचार्य के पदों पर नियुक्ति होगी।

*********************

पलामू में दो युवकों की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरटांड में जहां एक युवक को अपराधियों ने मार डाला, वहीं शहर थाना क्षेत्र के नावाटोली में एक युवक की हत्या हुई। इस दोहरे हत्याकांड को लेकर पुलिस अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

*********************

राज्यभर में हर्षोल्लास और पारंपरिक तरीके से आज होलिका दहन मनाया जाएगा। वहीं, होली का त्योहार कल और छब्बीस मार्च को भी मनाया जाएगा। इधर, होली के दौरान पूरे राज्य में शांति और विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए आठ हजार से ज्यादा अतिरिक्त बल तैनात किए गए हैं। पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक को संवेदनशील इलाकों में विशेष चौकसी बरतने का निर्देश दिया है। वहीं, पुलिस मुख्यालय में कंट्रोल रुम बनाया गया है, जहां विधि व्यवस्था से संबंधित किसी भी तरह की सूचना दी जा सकती है।

*********************

ईस्ट जोन सीनियर महिला क्रिकेट टीम में झारखंड के चार खिलाड़ियों को जगह मिली है। इन खिलाड़ियों में जमशेदपुर की अश्विनी कुमारी, ममता पासवान, ऋतु कुमारी और दुर्गा मुर्मू शामिल हैं। इसके अलावा झारखंड

के उमेश सेठी को टीम का कोच और प्रवीर कुमर सिंह को मैनेजर बनाया गया है। ये सभी पुणे में अठाइस मार्च से शुरु होने वाले इंटर जोनल सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में ईस्ट जोन का प्रतिनिधित्व करेंगे।

*********************

आईपीएल–2024 में आज दो मैच खेले जाएंगे। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में दोपहर साढ़े तीन बजे से होनेवाले मैच में राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम आमने–सामने होगी, जबकि गुजरात टाइटन्स और मुम्बई इंडियन के बीच दूसरा मैच रात साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। इससे पहले कल खेले गए मैच में पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल और कोलकाता नाइट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद पर जीत दर्ज की थी।

*********************

जमशेदपुर में एनसीसी द्वारा सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत कैडेटों के लिए कल कई कार्यक्रम आय़ोजित किए गए। शहर के जुबली पार्क में आय़ोजित कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक और अन्य माध्यमों से लोगों को मतदान, सड़क सुरक्षा, पोक्सो एक्ट और संक्रामक बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

*********************

- जेपीएससी ने 17 मार्च को आयोजित संयुक्त सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा का मॉडल आंसर की जारी कर दिया है। अभ्यर्थी इसे लेकर आपत्ति और सुझाव तीस अप्रैल तक दे सकते हैं।
- राजधानी रांची में यातायात पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो सौ इक्यावन वाहन संचालकों से जुर्माना वसूला।
- गोड्डा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संताल समुदाय द्वारा बाहा पर्व के आय़ोजन का सिलसिला जारी है। इस अवसर पर जाहेर स्थान में पारंपरिक पूजा–अर्चना में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

*******समाप्त*************